कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

पत्रांक 439 /अधि0अभि0/नि0वि0/2019–20

दिनांक 07-08-19

अति अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

नगर निगम बरेली के निर्माण विभाग, के पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक निम्न निर्माण कार्यों की अति अल्पकालीन निविदाएँ दिनांक 08.08.19 सायं 3:00 बजे तक ऊंची/नीची दर के आधार पर आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 4:00 बजे उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.07.19 से 06.07.19 तक अपरान्ह 12.30 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर नगर निगम, स्थित अधिशासी अभियन्ता कार्यालय, अपर नगर आयुक्त, नगर आयुक्त कार्यालय से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को 100/– रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्व घोषणा पत्र निर्धारित प्रारूप पर नोटरी से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।एफ0डी0आर0 जमानत धनराशि के रूप में अधिशारी अभियन्ता के नाम से बंधक होगी। अन्य शर्ते नगर निगम कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

क्र0 सं0	वार्ड सं0	कार्य का नाम	निधि का नाम	आगणन धनराशि	जमानत धनराशि (10 प्रतिशत)	निविदा शुल्क	18% GST	निविदा मूल्य 18% GST	अवधि
1	–	एलन क्लब स्थित तालाब में अनाधिकृत रूप से जा रही भैंसो को रोकने हेतु गेट लगाने का कार्य।	रा0वि0आ0/ निगम निधि	164358.00	16435.00	200	36	236	1 माह
2	69	वार्ड–69 के अन्तर्गत कोहाड़ापीर शाहबाद स्थित कूड़ाघर (डलाव घर) का पुनः निर्माण कार्य।	रा0वि0आ0/ निगम निधि	494000.00	49400.00	500	90	590	2 माह
3	12/ 13	वार्ड–12/13 करगैना पुलिस चौकी के पास पुलिया एवं आर0सी0सी0 नाला बनाने का कार्य।	रा0वि0आ0/ निगम निधि	352492.00	35249.00	300	54	354	2 माह

निविदा की सामान्य शर्तेः–

1. नगर आयुक्त बरेली को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
2. निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगो तो निविदाएँ अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
3. निविदादाता निविदा खुलने के सामय उपस्थित रह सकते है।
4. ठेकेदार द्वारा कार्य स्थल पर लगे श्रमिकों का श्रमायुक्त कार्यालय में पंजीकरण कराकर अभियन्त्रण खण्ड को सूचित करना होगा।
5. निविदा की दरे निविदादाता द्वारा आगणन से ऊँची/नीची प्रतिशत में डाली जायेगी।
6. प्रत्येक कार्यों की गुणवत्ता की जांच के बाद ही भुगतान किया जायेगा।
7. 10% (Below) प्रतिशत निम्न में 0.5% प्रतिशत कम दर तथा 10% (Below) से अधिक निम्न पर 1% प्रतिशत दर पर सिक्यूरिटी/परफार्मेन्स गारन्टी एवम् अन्य पर शासनादेश सं0–622/23–12–2012/2/आर्डिट/5 टी0सी0 लोक निर्माण अनुभाग–12 लखनऊ दिनांक 08–06–2012 के क्रंम में सिक्यूरिटी/परफार्मेन्स गारन्टी प्रस्तुत करनी होगी।
8. यदि फर्जी/गलत दस्तावेजों की जानकारी अनुबन्ध गठन के पश्चात् होती है तो अनुबन्ध निरस्त करते हुये दण्ड के रूप में धरोहर राशि जब्त करते हुये सम्बन्धित को काली सूची में डाल दिया जायेगा।
9. जी0एस0टी0 का भुगतान शासनादेश सं0–962/नौ–9–2017–81ज/17 दिनांक 17–10–2017 के अनुक्रंम में ठेकेदार की अलग से मांग पर विभाग द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
10. जिन ठेकेदारों का पंजीकरण/नवीनीकरण वर्ष–2018–19 में है वही ठेकेदार निविदा में प्रतिभाग ले सकते है।
11. जिन ठेकेदार को इस वित्तीय वर्ष के लिये डिवार किया गया है अथवा जिन ठेकेदारो की जमानत राशि जब्त की गयी है वह निविदा में प्रतिभाग नही कर सकते है। इसके साथ ही निविदादाता द्वारा स्टाम्प पेपर पर इस आशय कि घोषणा पत्र की स्कैन कापी कि प्रश्नगत् कार्य में जमानत राशि प्रयुक्त एफ0डी0आर0 अन्य किसी भी कार्य में प्रयोग नही की गयी है यदि ऐसा मामला संज्ञान में आता है तो ठेकेदार का पंजीकरण निरस्त करते हुये उसे काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी। जिसका उत्तरदायित्व स्वयं निविदादाता को होगा।
12. जिन ठेकेदारो को निगम द्वारा पूर्व में निविदा से आवंटित कार्यादेश निर्गत किये गये थे, उन कार्यो को इस निविदा की अन्तिम तिथि से पूर्व प्रारम्भ नही किया जाता है तो वह निविदा में प्रतिभाग नही कर सकेगें। इस आशय का घोषणा–पत्र नान जूडिसियल स्टाम्प पत्र पर ठेकेदार द्वारा देना होगा कि उनको निविदा से आवंटित सभी कार्यों जिनके कार्यादेश जारी हो चुके है निविदा की अन्तिम तिथि से पूर्व कार्य प्रारम्भ/पूर्ण कर दिये गये है।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

——————प्रकाशन हेतु नही——————

प्रतिलिपिः–

1 सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं स्वतंत्र भारत बरेली को इस अनुरोध के साथ कि अपने समाचार पत्र में उपरोक्त निविदा सूचना का प्रकाशन आगामी संस्करण में डी0ए0बी0पी0 दरों पर 6-7 फान्ट साइज न्यूनतम स्थान में एक बार प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा 02 प्रतियों के साथ बिल भुगतानार्थ प्रेषित करें तथा 02 अतिरिक्त प्रति मद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

2 मा0 महापौर जी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3 नगर आयुक्त महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।

4. मुख्य अभियन्ता महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।

5. निविदा समिति सदस्यों एवं निविदा लिपिकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

6. आई0टी0 एक्सपर्ट नगर निगम, बरेली को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम की वेबसाइड पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

Scanned by CamScanner